Regarding construction of Airport in Gadchiroli, Maharashtra

श्री अशोक महादेवराव नेते **(गड़चिरोली-चिमुर):** मेरा संसदीय क्षेत्र गड़चिरौली - चिमूर लंबे क्षेत्रफल में फैला हुआ देश का सबसे बड़ा दुर्गम और नक्सलवाद से प्रभावित पिछड़ा क्षेत्र है । गड़चिरौली से लगभग 200 किलोमीटर की दूरी पर एक एयरपोर्ट स्थापित किया गया था । इस एयरपोर्ट से विमान सेवाएं प्रारंभ भी हुई थी, लेकिन वर्तमान में बंद पड़ी हुई हैं । दूसरे, गड़चिरौली से नागपुर जो एयरपोर्ट है उसकी दूरी भी गढ़चिरौली से 200 किलोमीटर की है । जिला कलेक्टर, गढ़चिरौली द्वारा गढ़चिरौली में एयरपोर्ट की स्थापना कराए जाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अब तक इसमें कोई विशेष प्रगति नहीं हुई है ।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह गढ़चिरौली में एयरपोर्ट की स्थापना किए जाने हेतु सार्थक कदम उठाए ।